भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद

# वानिकी समाचार

अप्रैल 2024

वर्ष 16 सं. 04



| अनुक्रमणिका | पृ.सं. |
|---|---|
| वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का भा.वा.अ.शि.प. दौरा | 01 |
| पृथ्वी दिवस | 02 |
| मिशन लाईफ | 03 |
| महत्वपूर्ण शोध निष्कर्ष | 03 |
| कार्यशालाएँ/सेमिनार/बैठकें | 04 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 05 |
| वन विज्ञान केन्द्र के तहत गतिविधियां | 07 |
| समझौता ज्ञापन | 07 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 07 |
| जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम | 09 |
| संस्थानों का दौरा | 09 |
| विविध | 10 |
| मानव संसाधन समाचार | 10 |



## वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का भा.वा.अ.शि.प. दौरा

- दिनांक 23 अप्रैल 2024 को श्री जितेंद्र कुमार, वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् का दौरा किया, उनका स्वागत श्रीमती कंचन देवी, भा.व.से., महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून द्वारा किया गया। उन्हें भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद में ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम और सतत् भू-प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र के तहत संचालित गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान श्री जितेंद्र कुमार वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, श्रीमती कंचन देवी, भा.व.से., महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और मंत्रालय एवं भा.वा.अ.शि.प., देहरादून तथा अन्य संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ''भा.वा.अ.शि.प. के वानिकी विस्तार गतिविधियों'' पर पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।








ग्रीन क्रेडिट पर बैठक आयोजित की गई जिसमें "राष्ट्रीय प्राधिकरण कैम्पा वित्त पोषित परियोजना के तहत भा.वा.अ.शि.प. की वानिकी विस्तार गतिविधियाँ" पर पुस्तिका का विमोचन श्री जितेन्द्र कुमार, वन महानिदेशक एवं विषेश सचिव, श्रीमती कंचन देवीं, भा.व.से. महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., तथा मंत्रालय और भा.वा.अ.शि.प., देहरादून एवं अन्य संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया

# पृथ्वी दिवस

- दिनांक 22 अप्रैल, 2024 को भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् और अधीनस्थ संस्थानों तथा केंद्रों द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया।





















## मिशन लाईफ

- दिनांक 9 अप्रैल 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा मिशन लाईफ पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पेउर, पंचायत धर्मपुर, मंडी (हि.प्र.) की 21 महिला प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। उन्हें मिशन लाईफ के जल संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण विषय के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

- भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने दिनांक 10 अप्रैल 2024 को लेह, लद्दाख में मिशन लाईफ के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रतिभागियों को एलईडी बल्बों का उपयोग करने, सार्वजनिक वाहन का उपयोग करने और लाल बत्ती पर वाहन के इंजन बंद करने हेतु प्रोत्साहित किया गया और साथ ही उन्हें समुचित जल बचत के तरीके जैसेः सूक्ष्म सिंचाई, मेड़बंदी और खेत तालाब के बारे में भी जानकारी दी गई।




भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं. ने मिशन लाईफ पर पेउर, पंचायत धर्मपुर, मंडी (हि.प्र.) में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया




भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं. ने मिशन लाईफ पर लेह, लद्दाख में जागरुता कार्यक्रम का आयोजन किया

## महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

### भा.वा.अ.शि.प.– वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- कम तापमान संरक्षण तकनीक के माध्यम से *बैम्बूसा बैम्बोस* और *डेंड्रोकैलेमस स्ट्रिक्टस* की बीज व्यवहार्यता और भंडारण अवधि को 24 महीने से अधिक तक बढ़ाया गया।

- *पाइरस पशिया* और *फिंकस पाल्मेटा* के पोशक तत्व विश्लेषण अर्थात् आर्द्रता, भस्म, फाइबर, वसा, प्रोटीन, टीएसएस और विटामिन 'सी' निर्धारित की गई। पाइरस पशिया फलों से मोलू जैम, मोलू अचार, मोलू मुरब्बा और मोलू स्क्वैश तैयार किए गए तथा इनके भंडारण एवं उपयोग पर अध्ययन किया गया।

### भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलूरू

- मिजोरम और मेघालय के प्राथमिक बांस प्रसंस्करण केंद्र में बांस प्रसंस्करण मशीनें स्थापित की गई और हितधारकों को प्रशिक्षण दिया गया।

- अग्निरोधी प्लाईवुड के विकास के लिए विभिन्न चरणों में अनेक अग्निरोधी रसायनों के मिश्रण पर अन्वेषणात्मक अध्ययनों में, यूकेलिप्टस, पापलर, रबर काष्ठ और मेलिया–डुबिया के विनियर ट्रीटमेंट के लिए 10%, 20% और 30% सांद्रता वाले अमोनियम पॉली फॉस्फेट का उपयोग किया गया। मध्यम घनत्व वाली काष्ठ प्रजातियों (रबर की लकड़ी, चिनार और मेलिया–डुबिया) में रासायनिक प्रतिधारण और उच्च ज्वलनशीलता पाई गई। अग्निरोधी गुण को बेहतर बनाने के लिए राल प्रणाली में ट्राइक्रेसिल फॉस्फेट मिलाया गया। सभी प्रजातियों में 20% और 30% अमोनियम पॉलीफॉस्फेट उच्च ज्वलनशीलता क्षमता प्राप्त हुई; 2% ट्राइक्रेसिल फॉस्फेट में ₹ 5509 के अनुसार लौ प्रवेश और जलने की दर में सर्वोत्तम परिणाम प्रदर्शित की।

# कार्यशाला/सेमीनार/बैठकें

## भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | असम के वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड हेतु वर्चुवल मोड़ के माध्यम से पूर्व विमोचन विचार–विमर्श बैठक | 5 अप्रैल 2024 | असम वन विभाग, भा.वा.अ.शि.प. व.व.अ.संस्थान, जोरहाट और भा.वा.अ.शि.प. देहरादून के अधिकारियों सहित 63 प्रतिभागी |
| 02 | जारी परियोजनाओं की त्रैमासिक (जनवरी–मार्च, 2024) समीक्षा बैठके | 8 से 10 अप्रैल 2024 | वैज्ञानिक, अधिकारियों, तकनीकी अधिकारियों तथा परियोजना कार्मिक |

## भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03 | ट्रीजिनी–डिजिटल इंटरेक्टिव प्लेटफॉर्म | 4 अप्रैल 2024 | तमिलनाडू के 21 जिलों के वानिकी विस्तार केंद्रों से सहायक वन संरक्षक एवं वन रेंज अधिकारियों सहित 30 प्रतिभागी |




भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर ने ट्रीजिनी पर एक कार्यशाला का आयोजन किया

## भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04 | फाइलिंग सिस्टम का प्रबंधन, फाइल संख्या, सूचीकरण, फाइल प्रचालन और रिकॉर्ड रखरखाव | 24 अप्रैल 2024 | वैज्ञानिक, तकनीकी स्टॉफ, और भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं. के अनुसचिवीय कार्मिक सहित 70 प्रतिभागी |
| 05 | शुष्क क्षेत्रों में पनपने वाले नाशी कीट और आकारिकीय बनावट से लेकर आण्विक वर्गीकी स्तर तक चिह्निकरण | 23 अप्रैल 2024 | भा.वा.अ.शि.प. –शु.व.अ.सं., जोधपुर के वैज्ञानिक एवं मुख्य तकनीकी अधिकारीगण |



भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर ने फाइलिंग सिस्टम, फाइल संख्या, सूचीकरण, फाइल प्रचालन और रिकॉर्ड रखरखाव पर सेमीनार का आयोजन किया



भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर ने उभरते नाशी कीट पर सेमीनार का आयोजन किया

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | |
| 07 | नर्सरी पद्धति एवं पादप की गुणवत्ता में सुधार के तरीकों की खोज | 30 अप्रैल 2024 | वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मचारी और शोधकर्त्ताओं सहित 49 प्रतिभागी |
| 08 | अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी) की बैठक | 10 अप्रैल 2024 | वैज्ञानिकों, तकनीकी कर्मचारियों और शोधकर्त्ताओं ने प्रतिभाग किया |
| | **भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| 09 | भारत में सटीक (प्रिसिजन) वृक्ष खेतीः अवसर एवं चुनौतियाँ | 25 अप्रैल 2024 | भा.वा.अ.शि.प. के समस्त सहयोगी संस्थानों के वैज्ञानिकों, तकनीकी कर्मचारी और अनुसंधान अध्येताओं सहित 80 प्रतिभागी |

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **भा.वा.अ.शि.प.– वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 01 | लाईनर परियोजना एफसीए में डायवर्सन की मार्गदर्शी सिद्धांत एवं कार्यान्वयन रणनीतियाँ | 15 से 19 अप्रैल 2024 | भारतीय वन सेवा के 11 अधिकारी |
| 02 | कार्य योजना कोड़ 2023 हेतु वनों की पारितंत्र सेवाओं का क्षेत्रीय प्रगणना, डेटा संग्रह एवं विश्लेषण | 22 से 26 अपैल 2024 | 12 राज्यों के 17 भा.व.से. अधिकारी |



भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून ने लाईनर परियोजना एफसीए पर एक प्रशिक्षण का आयोजन किया



भा.वा.अ.शि.प.– व.अ.सं., देहरादून ने कार्य योजना कोड़ 2023 पर एक प्रीक्षण का आयोजन किया

## भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03 | वन्य खाद्य फल प्रजातियों का मूल्य संवर्धन | 23 अप्रैल 2024 | वनाश्रित समुदाय, पिपरिया, मध्य प्रदेश के 60 प्रतिभागी |

## भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04 | वानिकी के सामान्य पहलू | 3 अप्रैल 2024 | असम वन विद्यालय, जलूकबारी, असम के 31 प्रशिक्षु वनपाल |
| 05 | अगरवुड की खेती एवं कृत्रिम संरोपण | 24 से 26 अप्रैल 2024 | भारत और नेपाल के उद्यमीयों और कृषकों सहित 13 प्रतिभागी |



भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ. संस्थान, जोरहाट ने वानिकी के सामान्य पहलू पर एक प्रशिक्षण का आयोजन किया




भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ. संस्थान, जोरहाट ने आगरवुड खेती पर एक प्रशिक्षण का आयोजन किया

## भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलूरू

| | | | |
|---|---|---|---|
| 06 | अग्निरोधी उत्पादों का विनिर्माण | 1 से 5 अप्रैल 2024 | मैपल मॉल्डिंग प्रा.लि., मुंबई से 7 प्रतिभागी |

## वन विज्ञान केन्द्र के तहत गतिविधियाँ

### भा.वा.अ.शि.प.– हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- दिनांक 25 अप्रैल 2024 को टेक्नो सर्व (अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी सं.) संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधि ने वन विज्ञान केंद्र जगत्सुख, मनाली का दौरा किया। उनको भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला और वन अनुसंधान स्टेशन/वन विज्ञान केंद्रे, मनाली में संचालित अनुसंधान गतिविधियों से अवगत कराया गया।



टेक्नो सर्व (अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी सं.) संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधि ने वन विज्ञान केंद्र जगत्सुख, मनाली का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.– वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- दिनांक 17 अप्रैल 2024 को भा.वा.अ.शि.प–बांस एवं बेंत अनुसंधान केंद्र, बेथलहम, लेंथेलैंग, आइजॉल द्वारा वींवीके के तहत पादप ऊतक संवर्धन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजकीय जर्टिरी आवासीय विज्ञान महाविद्यालय, आइजॉल के 20 छात्रों ने प्रतिभाग किया।



राजकीय जर्टिरी आवासीय विज्ञान महाविद्यालय, आइजॉल के छात्रों ने वींवीके के तहत पादप ऊतक संवर्धन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागिता की

### भा.वा.अ.शि.प– जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

- दिनांक 30 अप्रैल 2024 को भा.वा.अ.शि.प–जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, पालम नगर कुमूल जिले, तेलंगाना में आयोजित कृषि वानिकी पद्धति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में तेलंगाना के महबूबनगर जिले के कृषकों एवं अधिकारियों सहित 80 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

## समझौता ज्ञापन

- भा.वा.अ.शि.प–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु और सर्वश्री निर्वाण बन्नेल, मध्य प्रदेश के बीच दिनांक 10 अप्रैल 2024 को ‘‘ केला स्टेम फाइबर बोर्ड के विकास’’ पर परामर्शी परियोजना हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

- भा.वा.अ.शि.प–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु और सर्वश्री एमएएस पॉलिमर, पश्चिम बंगाल के बीच दिनांक 15 अप्रैल 2024 को उच्च आर्द्र सामग्री वाले वींनर का प्रयुक्त करते हुए यूरिया फॉर्मेलेहाइड रेजिन बॉन्डेड प्लाईवुड पैनलों का निर्माण करने के लिए नोवल योजक घटक के विकास हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

- भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट और भा.चि.अ.प.–क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, उत्तर पूर्वी क्षेत्र, डिब्रुगढ़ के बीच दिनांक 28 अप्रैल 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं. के कुछ विशिष्ट सक्रिय अणुओं एवं निर्माण के क्लिनिकल बायोएसे परीक्षण को सुविधाजनक बनाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट और भा.चि.अ.प.–क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र, डिब्रुगढ़ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

## प्रकृति कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प– वन उत्पादकता संस्थान, रांची

- दिनांक 26 अप्रैल 2024 को राजकीय माध्यमिक विद्यालय, लालगुटवा, रांची के 98 छात्रों के एक समूह ने शिक्षकों के साथ भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची का दौरा किया। उन्हें संस्थान की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

**भा.वा.अ.शि.प.– शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर**

- केन्द्रीय विद्यालय सं.–2 (वायु सेना), जोधपुर के 550 छात्रों के समूह ने दिनांक 30 अप्रैल 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा आयोजित प्रकृति कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों को 'पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण' पर व्याख्यान दिया गया। विद्यार्थियों को रोपणी प्रौद्योगिकी के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



केन्द्रीय विद्यालय सं.–2 (वायु सेना), जोधपुर के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ. संस्थान, जोधपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

**भा.वा.अ.शि.प.– काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु**

- क्लूनी कॉन्वेंट उच्च माध्यमिक विद्यालय, मल्लेश्वरम, बेंगलुरु के 85 छात्रों के एक समूह ने शिक्षकों के साथ दिनांक 6 अप्रैल 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु का दौरा किया। उन्हें का.वि.प्रौ.सं. में संचालित अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई और विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।




क्लूनी कॉन्वेंट उच्च माध्यमिक विद्यालय, मल्लेश्वरम, बेंगलुरु के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

**भा.वा.अ.शि.प.– वन अनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर**

- गेडी पब्लिक स्कूल, एचनारी, कोयंबटूर के 52 छात्रों के एक समूह ने शिक्षकों के साथ दिनांक 16 अप्रैल 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर का दौरा किया। छात्रों को वन उत्पादों पर व्याख्यान दिया गया।

**भा.वा.अ.शि.प.– वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट**

- दिनांक 9 और 30 अप्रैल 2024 को रेबकांता बरुआ पब्लिक हाई स्कूल, केंडुगुरी, जोरहाट और रेलवे हाई स्कूल, मरियानी, जोरहाट, असम के 171 छात्रों ने शिक्षकों के साथ, भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट द्वारा बांस की खेती, प्रसार, नर्सरी प्रबंधन, मूल्य संवर्धन और बांस संरक्षण तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी एवं वन्य खाद्य मशरूम, लाख की खेती और वर्मीकंपोस्टिंग और अगर रोपण पर आयोजित पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।



रेलवे हाई स्कूल, मरियानी, जोरहाट, असम के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट द्वारा आयोजित पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

**भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर**

- केंद्रीय विद्यालय के 120 छात्रों के एक समूह ने दिनांक 5 अप्रैल 2024 को अपने शिक्षकों के साथ उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर का दौरा किया। उन्हें संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।



केंद्रीय विद्यालय (उ.व.अ.सं.) के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर का दौरा किया।

## जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- वानिकी विद्यालय, सिरसी (यूएएस, धारवाड़) और लाचू मेमोरियल कॉलेज, जोधपुर के 110 छात्रों ने अपने संकाय सदस्यों के साथ भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का दौरा किया। दिनांक 4 अप्रैल 2024 को छात्रों को संस्थान के शीशम क्लोन और थार शोभा खेजड़ी परीक्षणों के वीएमजी का भी दौरा कराया गया। उन्हें संस्थान के संग्रहालय सह–व्याख्यान केंद्र में प्रदर्शित भा.वा.अ.शि.प.– शु.व.अ.सं. के प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी गई।



लाचू मेमोरियल कॉलेज, जोधपुर के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- तेलंगाना वन अकादमी, दुलापल्ली, हैदराबाद के 95 वन रेंज प्रशिक्षु अधिकारियों ने क्रमशः दिनांक 8 और 17 अप्रैल 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर की बीज प्रयोगशाला का दौरा किया। उन्हें कुबटेक्स–एक्स रेडियोग्राफी, छायाचित्र विश्लेषण, एफजीआरएम सुविधाओं एवं अन्य उपकरणों के बारे में बताया गया।



तेलंगाना वन अकादमी, दुलापल्ली, हैदराबाद के वन रेंज प्रशिक्षु अधिकारियों ने भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर के बीज प्रयोगशाला का दौरा किया।

### भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- महारानी लक्ष्मी अम्मानी कॉलेज, बेंगलुरु के 23 छात्रों ने संकाय सदस्यों के साथ दिनांक 18 अप्रैल 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलूरू के वन संवर्धन एवं प्रबंधन प्रभाग के पादप ऊतक संवर्धन केंद्र का दौरा किया।



महारानी लक्ष्मी अम्मानी कॉलेज, बेंगलुरु छात्रों के एक समूह ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरू का दौरा किया

## संस्थानों का दौरा

- दिनांक 29 अप्रैल 2024 को श्री मुकेश कुमार, प्रमुख, सीएसआर एवं कॉर्पोरेट नागरिकता उत्कृष्टता केंद्र, भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए), मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा और श्री मनीष कुमार, अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक, रॉक लाइट एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, रांची, झारखंड ने भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट का दौरा किया। उन्होंने बेम्बुसेटम, बांस नर्सरी, बांस चारकोल, बांस संग्रहण केंद्र, बांस उपचार इकाई और बाँह बिथिका का भी दौरा किया।




आईआईसीए और रॉक लाइट एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के गणमान्य व्यक्तियों ने भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट का दौरा किया

## विविध

- दिनांक 14 अप्रैल 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर, भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर और भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलूरू द्वारा डॉ. बी.आर. अंबेडकर जयंती मनाई गई।










## मानव संसाधन समाचार

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
| --- | --- |
| श्रीमती संगीता भट्ट, व.त.अ., भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून | 30.04.2024 |

### प्रत्यावर्तन

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
| --- | --- |
| श्री आर. अरुण कुमार, भा.व.से. (ज्रू2009) सचिव, भा.वा.अ.शि.प. | 18.04.2024 |
| डॉ. रत्नाकर जौहारी, भा.व.से. (ज्रू1992) उपमहानिदेशक (अनुसंधान), भा.वा.अ.शि.प. | 23.04.2024 |

**संरक्षक:**
श्रीमती कंचन देवी, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प, देहरादून
**संपादक मंडल:**
डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष
डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक
डॉ. विश्वजीत शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सदस्य
**हिन्दी संस्करण:**
श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा), सदस्य
**सहायक:**
श्री प्रिंस, तकनीकी सहायक (मीडिया एवं विस्तार)

**प्रत्याख्यान:**
- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।